प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
Institute for Plasma Research
भाट, इन्दिरा पुल के निकट, गांधीनगर – ३८२ ४२८ (भारत)
Bhat, Near Indira Bridge, Gandhinagar – 382 428 (India)
Web: www.ipr.res.in

## विज्ञापन सं. ADVT. NO. 12/2018

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर) भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान है जो बुनियादी प्लाज़्मा भौतिकी, चुंबकीय परिसीमित संलयन और प्लाज़्मा के औद्योगिक अनुप्रयोगों के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास गतिविधियों के प्रति समर्पित है। आईपीआर, भाट गाँव में स्थित है और गाँधीनगर के सेक्टर 25 में स्थित जीआईडीसी में इसकी प्रयोगशालाओं का विस्तार है और गुवाहटी में भी इसका एक केन्द्र है। / The Institute for Plasma Research (IPR) is a premier scientific institute under the Department of Atomic Energy, Govt. of India devoted to research and development activities in the areas of basic Plasma Physics, Magnetic Confinement fusion and Industrial applications of plasmas. IPR is located in Bhat Village and also has extensions of its Laboratories at GIDC, Sector – 25, Gandhinagar and has a Center at Guwahati.

अत्यधिक प्रेरित और परिणाम उन्मुख उम्मीदवारों से निम्नलिखित अस्थायी पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है। / Applications are invited from highly motivated and result oriented candidates for the following temporary posts.

| पद का नाम<br>Name of the post | पद की संख्या<br>No. of Post | अनिवार्य योग्यता और अनुभव<br>Essential Qualification & Experience |
|---|---|---|
| पुस्तकालय प्रशिक्षु<br>Library Trainee | चार / Four | यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री । (55% अंकों से अधिक और 2017 या बाद में उत्तीर्ण) / Post Graduate Degree in Library & Information Science from a UGC recognised university (above 55% marks and passed in 2017 or later).<br>वांछनीय मानदंड - अंग्रेजी में अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स। गहन इंटरपर्सनल और इंट्रापर्सनल स्किल्स। पुस्तकालयों में उपयोग किए जाने वाले आईटी और आईटी संबंधित अनुप्रयोगों का मूल कार्य ज्ञान।<br>Desirable Criteria – Good communication skills in English. Strong interpersonal and intrapersonal skills. Basic working knowledge of IT and IT related applications used in libraries. |

1. **कार्य का विवरण / JOB DESCRIPTION:** आईपीआर में नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण के साथ एक विशेष अच्छी तरह सुसज्जित पुस्तकालय है, जो प्लाज्मा भौतिकी और फ़्यूज़न विज्ञान और प्रौद्योगिकी समुदाय को विशेष सेवाएं प्रदान करती है। चयनित उम्मीदवार को अधिग्रहण, परिसंचरण, संदर्भ, इंटर-लाइब्रेरी ऋण, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन संसाधनों, सूचना सेवाओं इत्यादि जैसे विभिन्न पुस्तकालय गतिविधियों में व्यावहारिक अनुभव मिलेगा और पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत पुस्तकालय और नए आईटी उपकरणों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। चयनित उम्मीदवारों को शिफ्ट में काम करने की आवश्यकता होगी। / IPR has a special well equipped library with latest information technology tools, providing specialized services to Plasma Physics and Fusion Science and Technology Community. The selected candidate will get hands-on experience in different library activities such as Acquisition, Circulation, Reference, Inter-Library Loan, managing electronic and online Resources, Information services, etc. and will get an exposure to work in fully computerized library and with new IT tools. Selected candidates will be required to work in Shift.

2. **आयु सीमा / AGE LIMIT:** 30 साल। अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांग/ पूर्व-सैनिक उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट इस संदर्भ में भारत सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार स्वीकार्य है। / 30 Years. Age relaxation is admissible to SC/ ST/ OBC/ PwD/ Ex-servicemen candidates as per Government of India orders issued on the subject.

3. **<u>अवधि / PERIOD</u>:** उपरोक्त पद एक साल की अवधि के लिए पूरी तरह से अस्थायी है। / The above post is purely temporary for a period of one year only.

4. **<u>वज़ीफ़ा / STIPEND</u>:** ₹15,000/- प्रति माह (समेकित) / ₹15,000/- p.m. (Consolidated)

5. **<u>चयन प्रक्रिया / SELECTION PROCESS</u>:** विज्ञापन के संदर्भ में प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी और आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, श्रेणी आदि जैसे सभी मानदंडों के आधार पर वैध आवेदकों में से शॉर्टलिस्ट किये गए उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। उम्मीदवार का चयन मेरिट आधार पर होगा। / The applications received in response to the advertisement shall be scrutinized and only candidates shortlisted from valid applicants on the basis of all criteria like age, educational qualifications, experience, category etc. shall be called for written test and / or interview. Selection of the candidate will be on the merit basis.

## <u>सामान्य जानकारी / GENERAL INFORMATION</u>

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं। ऊपर वर्णित रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और संस्थान की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर इसे बढ़ाया / घटाया जा सकता है। विकलांग उम्मीदवारों को भी अनारक्षित कोटा में अपने स्वयं की योग्यता के आधार पर चुना जा सकता है। / Only Indian Nationals need to apply. The numbers of vacancies indicated above are provisional and may be increased / decreased depending on the actual requirement of the institute. The persons with disabilities can also be selected on their own merit against the unreserved quota.

2. न्यूनतम योग्यता होने और ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने मात्र से लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार के लिए बुलावा मिले, यह जरूरी नहीं है। कोई भी कारण बताए बिना लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार के लिए किसी भी आवेदक को नहीं बुलाने के सभी अधिकार प्राधिकारियों के पास सुरक्षित हैं। चयन की प्रक्रिया में होने वाले किसी भी विवाद / अस्पष्टता के मामले में, संस्थान का निर्णय अंतिम होगा। / Fulfilling minimum qualification & filing online applications does not entail a call for written test and / or interview. The authorities reserve all rights, not to call an applicant for written test and / or interview, without assigning any reason. In case of any dispute / ambiguity that may occur in the process of selection, the decision of the Institute shall be final.

3. संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अधूरे आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जायेगा। कोई अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। / The Institute reserves the right to reject any application without assigning any reason. Incomplete applications are liable to be summarily rejected. No interim correspondence will be entertained.

4. समेकित वज़ीफ़ा के अलावा, उपरोक्त पद के लिए अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना के अंतर्गत चिकित्सा सुविधा (केवल स्वयं के लिए), नि:शुल्क परिवहन (सीटों की उपलब्धता के आधार पर) और सब्सिडी युक्त कैंटीन सुविधाएँ दी जाएगी। / In addition to consolidated stipend, Medical facility (For Self only) under its Contributory Health Service Scheme, Free Transport (Subject to availability of seats) and subsidized Canteen facilities are admissible for the above post.

5. आवश्यक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद अनुभव प्राप्त किया होना चाहिए। **उम्र, योग्यता, अनुभव आदि के संबंध में योग्यता मापदंड के लिए तारीख 11/10/2018 निर्धारित होगी।** / Experience should have been obtained after possessing the essential educational qualifications. **The eligibility criteria with regard to age, qualification, experience, etc. shall be determined as on 11/10/2018**.

6. लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार में भाग लेने के लिए टीए का भुगतान नहीं किया जाएगा। / No TA will be paid for attending the written test and / or interview.

7. **आईपीआर लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार के संबंध में सभी पत्राचार केवल ईमेल के माध्यम से करेगा और कोई डाक पत्राचार नहीं भेजा जाएगा। / IPR will carry out all correspondence regarding call for written test and / or interview through email only and no postal correspondence will be sent.**

8. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार आदि की महत्वपूर्ण तिथियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से संस्थान की वेबसाइट पर जाएं। / Candidates are advised to regularly visit the Institute's website for getting the information about important dates of written exam and/or interview etc.

9. परिशिष्ट / विलोपन / शुद्धिपत्र *(यदि कोई)* केवल संस्थान की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा। / Addendum / deletion/ corrigendum *(If any)* shall be posted on the Institute's website only i.e. http://www.ipr.res.in/advertisements.html

## **आवेदन कैसे करें / HOW TO APPLY**

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे **11/10/2018 की शाम 5 बजे तक** ऑनलाइन आवेदन करें और हमारे वेब पेज http://www.ipr.res.in/advertisements.html पर ऑनलाइन आवेदन को भरते हुए प्राप्त आवेदन आईडी संख्या के साथ A4 साइज के कागज़ात पर हस्ताक्षर किए आवेदन की हार्ड कॉपी भेज दें। आवेदन के दाहिनी ओर शीर्ष कोने पर हाल ही का पासपोर्ट साइज़ फोटो चिपकाये, साथ ही उम्र, योग्यता और कार्य अनुभव आदि के समर्थन में प्रमाण पत्र की प्रतियां सम्मिलित करें और आवेदन को **मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, भाट, गांधीनगर – 382 428** के पते पर भेजें, जो दिनांक **18/10/2018** तक या उससे पहले पहुँच जाना चाहिए। लिफाफे पर विज्ञापन संख्या और आवेदित पद लिखा होना चाहिए। Interested candidates are requested to apply online by **11/10/2018 till 5.00 pm** and send us the hardcopy of the application duly signed on A4 size paper along with the Registration number obtained while filling online application from our web page at http://www.ipr.res.in/advertisements.html with one recent passport size photograph duly affixed on the right hand top corner of the application along with copies of testimonials in support of Age, Qualification and Work Experience, etc. so as to reach **The Chief Administrative Officer, Institute for Plasma Research, Bhat, Gandhinagar – 382 428** on or before **18/10/2018** failing which the online application shall not be considered. The envelope should be strictly superscribed with Advt. No. and Post Applied for.

किसी भी प्रकार की देरी के लिए या निर्धारित अवधि के भीतर हार्डकॉपी नहीं प्राप्त होने के लिए संस्थान उत्तरदायी नहीं होगा। / Institute shall not be responsible for any delay or non-receipt of hardcopy within stipulated period.

ऑनलाइन आवेदन करने में कोई भी समस्या होने पर कृपया संपर्क करें। / In case of any issue in filing online application, kindly contact – recruitment@ipr.res.in.

संस्थान एक ऐसा कार्यबल रखने का प्रयास करता है जो लिंग संतुलन को दर्शाता हो एवं महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। / Institute strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply.

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / Chief Administrative Officer**